## स्कूटी योजना के आवेदन शुरू

**सांभरझील**, (निसं)। कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजनान्तर्गत विमुक्त, घुमन्तु व अद्धर्घुमन्तु वर्ग की छात्राओं के लिये स्कूटी योजना में ऑनलाईन आवेदन करने हेतु पोर्टल 20 जुलाई से आगामी 31 अगस्त तक खोला गया है।

राजकीय शाकंभर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी.पी. दायमा व समिति की संयोजिका पूजा पारीक ने उक्त श्रेणी में आने वाली महाविद्यालय की समस्त नियमित छात्राओं से अपील की है कि योजना का लाभ लेने हेतु निर्धारित अवधि में अपना आवेदन-पत्र ऑनलाईन भरना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि आगामी 25 जुलाई को राजस्थान सरकार की स्वचछता व चिकित्सा की कल्याणकारी योजना उडान के अन्तर्गत नियमित छात्राओं को निशुल्क सेनेटरी नेपकीन का वितरण किया जायेगा। वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. छवि. चतुर्वेदी एवं डॉ. ऋतु शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय की नियमित छात्राओं को महावारी के संबंध में जानकारी देने हेतु एक संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। जिसमें उनकी शंका एव समस्याओं का समाधान किया जायेगा तथा साथ ही महावारी अवधि में स्वच्छता हेतु सेनेटरी नेपकीन के उपयोग की महता तथा संक्रमण से बचाव के बारे में बताया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य केप्टन डॉ. ज्ञान प्रकाश दायमा करेंगे।

# ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, ग्रामीणों ने लगाया जाम

**मालपुरा**, (निसं)। बुधवार की दोपहर दूदू छाण स्टेट हाईवे 37ए पर बरोल मोड के पास तेज रफ्तार बैकाबू ट्रेलर ने बाइक चालक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रेलर से कुचलने से बाइक चालक की मौके पर हुई मौत।

मामले के अनुसार बुधवार की दोपहर बरोल गांव निवासी नन्दा पुत्र श्योजी गुर्जर जो कि पचेवर से अपने गांव बाइक से आ रहा था। बरोल मोड के पास सड़क किनारे बाइक खड़ी कर

■ **डीवाईएसपी सहित तीन थानों का पुलिस जाप्ता रहा तैनात**

लघुशंका करने के दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक को टक्कर मार दी।

हादसे में बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई वहीं चालक नन्दा गुर्जर की ट्रेलर से कुचल मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा ट्रेलर का पीछा भी किया। ग्रामीणों की सूचना पर पचेवर थानाधिकारी नरेन्द्र सिंह तंवर ने तत्परता दिखाते हुए नांकाबंदी कर ट्रेलर को जप्त कर चालक को गिरफ्तार किया। सड़क हादसे की मिली सूचना के बाद बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने स्टेट हाईवे पर जाम लगा दिया। जाम की मिली सूचना पर डीवाईएसपी सुशील मान, मालपुरा थानाधिकारी कैलाश विश्नोई, पचेवर थानाधिकारी नरेन्द्र सिंह, डिग्गी थानाधिकारी सत्यनारायण चौधरी पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंच जाम लगा रहे ग्रामीणों से समझाईश कर जाम हटाने व शव लेने की समझाईश की लेकिन ग्रामीण आर्थिक सहायता व ट्रेलर चालक के विरूद्ध ठोस कार्यवाही की मांग पर अडे रहे। तकरीबन दो घंटे तक अधिकारियों की समझाइश के बाद मौके पर मौजूद बरोल सरपंच हनुमान गुर्जर सहित अन्य की समझाईश व मामले में त्वरित कार्यवाही के लिए पुलिस अधिकारियों के आश्वासन पर ग्रामीणों ने जाम हटाया। घटनास्थल पर ही शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनो को सौंपा गया।



बाईक चालक की मौत के बाद ग्रामीणों ने दूदू छाण स्टेट हाईवे 37ए पर दो घंटे तक जाम लगाया।

## मीणा को जेड प्लस सुरक्षा देने की मांग

**अलवर**, (निसं)। राज्यसभा सांसद डॉ किरोडी लाल मीणा को जेड प्लस सुरक्षा देने के लिए भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने राजस्थान मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर अलवर को ज्ञापन सौंपा।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष तरूण जैन ने बताया कि भाजपा राज्यसभा सांसद डॉ. किरोडी लाल मीणा को एक विशेष समुदाय के व्यक्ति ने जिसका नाम कादिर अली बताया जा रहा है उसने कट्टरपंथी सोच रखते हुए धमकी भरा पत्र करोडी लाल मीणा के आवास पर भेजा जिसमें लिखा है कि अगला नंबर तेरा है तू बडा हिंदुस्तानी नेता बनता है यह सब उसी सोच का नतीजा है जिस सोच से उदयपुर में कन्हैया लाल की हत्या कर दी गई। राज्यसभा सांसद को इस प्रकार की धमकी मिलना राज्य सरकार की नाकामी है, उपाध्यक्ष सुनील गुर्जर ने दोषियों पर राजस्थान सरकार से जल्द कार्रवाई की माँग की, नही तो एक बडा आंदोलन होगा। किरोडी लाल मीणा को जेड प्लस की सुरक्षा दी जाए। ज्ञापन देने में जिला अध्यक्ष तरुण जैन, एडवोकेट शिवलाल मीणा, जिला पार्षद गगनदीप सिंह, अमित कश्मीरी, रजत ठाकुरिया, रिचा भारद्वाज, चतर गुर्जर, जितेंद्र, नरेश मीणा, मनोज नरूका, बलविंदर सिंह, नरेश आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### न्यायालय परिसर में पौधारोपण किया



**सांभरझील**, (निसं)। यहां न्यायालय परिसर में आज न्यायिक अधिकारियों व वकीलों ने पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर नीम, पीपल, गुलमोहर, बरगद, अशोक सहित लगभग 35 पौधे रोपित किए गए। हरियाली का संदेश देते हुए एडीजे बृजेश कुमार शर्मा ने कहा कि पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि पौधे लगाकर उनके वृक्ष बनने तक उसकी जिम्मेदारी भी उठानी चाहिए। इसी संकल्प और सोच के साथ यदि हम पौधारोपण करेंगे तो निश्चित ही उसके सकारात्मक परिणाम आने वाले कुछ वर्षों में देखने को मिलेंगे। इस अवसर पर अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश, क्र.स.2 नीरज भामू, अतिरिक्त वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उत्तमा माथुर, सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट राहुल शर्मा, ग्राम न्यायाधिकारी पूजा मीना, अभिभाषक समिति के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह खंगारोत, पूर्व अध्यक्ष शेख शमीमुल हक, अधिवक्ता लालचंद कुमावत, तेजपाल प्रजापत, प्रकाश माचीवाल, आशीष कुमावत, अजयपाल सिंह, पूजा सांभरिया, रुपनारायण कुमावत, यासीन मोहम्मद, शिवराज सिंह राठौड़, झाबरमल चौधरी, श्रवण कुमार, भागचंद सांभरिया, सुरेन्द्र परिहार, राजेन्द्र चौपड़ा व न्यायालय स्टाफ के अलावा क्षेत्रिय वन पौधशाला काचरोदा के श्याम ी सहित अनेक की मौजूदगी रही।

### छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली




**राजगढ़**, (निसं)। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की स्वयं सेविकाओं एवं छात्राओं ने कोविड-19 को लेकर जन जागरूकता रैली निकाली। इस रैली को संस्था प्रधान सुनील कुमार शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर विद्यालय परिसर से रवाना किया। इस अवसर पर विद्यालय की करीब 200 छात्राओं ने प्रमुख बाजारों में रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया एवं वैक्सीनेशन के प्रति संदेश दिया। राजगढ़ तहसील दार जुगिता मीणा ने रैली में उपस्थित एनएसएस एवं स्वयं सेविकाओं की हौसला अफजाई की। इस अवसर पर टीकाकरण के प्रति बूथ पर जाकर स्वयं सेविकाओं ने सहयोग किया एवं लोगों को जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी सुनीता मीना, गाइड प्रभारी यशोदा मठवाल, ममता मीना, मिथिलेश कुमारी खेलनता मीना एवं पूजा जा टा वत नीरज सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### बारिश से निचले इलाकों में भरा पानी



**श्रीमाधोपुर**, (निसं)। कस्बे व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में बुधवार को सुबह से इंतजार व उमस के बाद देर शाम तेज बारिश हुई। जानकारी के अनुसार बुधवार दिन भर उमस रही जो शाम 6 बजे अचानक तेज हवाओं के साथ बारिश हुई, जो खबर लिखे जाने तक भी रिमझिम बारिश का सिलसिला जारी रहा। तेज बारिश से सड़कों व गलियों में पानी भर गया। खंडेला बाजार में बहाव क्षेत्र में बारिश का पानी उफान के साथ आने से वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं निचले इलाकों में घरों में पानी भर गया तथा रेलवे अंडरपासों में भी पानी भर जाने से आम राहगीरों व वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वही किसानों ने बताया कि तेज हवाओं के कारण पहले की बुवाई बाजरे की फसल आडी गिरने पर नुकसान का अनुमान है।

### श्रीसांवरिया सेठ की पदयात्रा रवाना

**टोंक**, (निसं)। श्रीसांवरिया सेठ की पन्द्रवीं पदयात्रा समिति के तत्वावधान में बुधवार को शहर के गोल डूंगरी वार्ड नं 60 सरवराबाद टोंक से गाजे-बाजे के साथ रवाना हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड टोंक यूथ जिलाध्यक्ष अजय सैनी सांखला ने यात्रा को भगवा झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान संगठन के सभी कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं के साथ यात्रियों का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर सदर अध्यक्ष अखिलेश सैनी, पूर्व सदर अध्यक्ष पीरु लाल पटेल सदर उपाध्यक्ष, भंवर लाल चांदमा वाले, राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड शहर अध्यक्ष सुनील सैनी सांखला, उपाध्यक्ष हनुमान सैनी, जिला महामंत्री नवरत्न सैनी, विकास गुर्जर, लेखराज गुर्जर, श्रीसांवरिया सेठ सेवा समिति संचालक रामदास, अध्यक्ष किशन मेहरा जय बाबा री रामदेव सेवा समिति ने यात्रियों भव्य स्वागत किया गया।

### बाइक गड्ढे में गिरी, तीन घायल



**कोटपूतली**, (निसं)। कस्बे के दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार को निकटवर्ती ग्राम खेडक़ी वीरभान कट पर होटल हाईवे रॉयल के पास सड़क पर बने एक गड्डे में बाइक के गिर जाने से बाईक सवार तीन जने घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। ट्रोमा सैंटर प्रभारी श्रीराम सराधना ने बताया कि बाईक के गड्डे में गिरने से घायल नरेश पुत्र भुराराम, रवि कुमार पुत्र सुनील व भगवान सिंह पुत्र गुमान सिंह गंभीर रूप से घायल हो गये।

### भद्रकाली मंदिर परिसर में पौधारोपण आज

**निवाई**, (निसं)। गांव कांटोली के मां भद्रकाली मंदिर परिसर में अष्टमी पर्व के उपलक्ष पर गुरूवार को मां भद्रकाली के उपासक संत श्रीराम महाराज अघोरी के सानिध्य में पौधारोपण किया जाएगा। उपासक संत श्रीराम महाराज अघोरी ने बताया कि गुरूवार को लगभग 500 फलदार व छायादार पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मां भद्रकाली मंदिर में पौधारोपण को लेकर भक्तों की यथाशक्ति के अनुसार 11, 21 व 51 से अधिक पौधे दान किए जाएंगे जिनको भक्तों द्वारा मंदिर परिसर में लगाया जाएगा।

## रक्त वीरों का सम्मान

**लालसोट**, (निसं)। नगर पालिका चेयरमैन रक्षा मिश्र ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य नहीं है मानव द्वारा किया गया रक्तदान दूसरे मानव की जान बचाने में अहम साबित होता है। उपखंड मुख्यालय पर भारत विकास परिषद की ओर से आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का शुभारंभ करते हुए नगर पालिका चेयरमैन मिश्र ने कहा कि भारत विकास परिषद द्वारा हर साल लगाए जाने वाला रक्तदान शिविर का कार्य सराहनीय है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को साल में कम से कम एक बार रक्तदान जरूर करना चाहिए ताकि जरूरतमंद व्यक्ति को रक्त की जरूरत के समय दान किया भारत उसके जीवन को बचा सके। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के दौरान भारत विकास परिषद से जुडे अशोक चौधरी, डा प्रमोद जैन, डॉ भरत शर्मा, वीरेंद्र जैन आदि कई लोग मौजूद रहे।

## वैक्सिनेशन शिविर आयोजित

**गोविंदगढ़**, (निसं)। उपखंड के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में जिला कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अलवर के निर्देशानुसार ब्लॉक गोविंदगढ़ में कोविड वैक्सीनेशन का मेगा शिविर आयोजित किया गया। उपखंड तहसीलदार विनोद कुमार मीणा निरीक्षण के लिए पहुंचे शिविर स्थल पर उन्होंने कहा टारगेट को कवर करते हुए आधिकारिक वैक्सीनेशन किया जाए। कोविड वैक्सीनेशन सत्र स्थल पर उपस्थित रहकर 18 साल से अधिक उम्र वाले समस्त शेष लाभार्थीयों को एवं प्रिकॉशन डोज ( बूस्टर डोज) लगवाने हेतु कोविड वैक्सीनेशन किया गया। सत्र स्थल पर लाने हेतु उनको मोबिलाईजेसन किया हैं। नेहरू युवा केंद्र अलवर केंद्र के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक अनिल कुमार वैक्सीनेशन स्थल पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन का कार्य किया। इस समय प्रधानाचार्य हरि सिंह, एन वाई वी अनिल कुमार, सुनिल कुमार, ओम प्रकाश टीचर आदि मौजूद रहे।

## नालियों की व्यवस्था करने की मांग

**उनियारा/चौरु**, (निसं)। चौरू ग्राम पंचायत के कासिमपुरा के लोगों ने उपखण्ड अधिकारी उनियारा को ज्ञापन सौंपकर व्याप्त समस्याओं के निराकरण की मांग रखी।

सौंपे गए ज्ञापन में फेलुराम, रामनिवास, कन्हैया रामप्रसाद, किरोडी, बजरंग लाल, विकास, पवन ,जयसिंह, सीताराम, हेमराज, जसराम, रामवतार, सहित कई लोगों ने बताया कि कासिमपुरा में सीसी रोड का अभाव होने तथा नालियों की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण आम रास्ते में बरसात का पानी भरा रहता है। इससे ग्रामवासियों को आने जाने में काफी जटिल परेशानियों का सामना करना पड रहा है। वहीं बारिश का पानी भरा रहने से कीडे मकोड़े सहित मच्छरों के होने की प्रबल संभावनाएं बनी हुई है। इस समस्या के मामले में कई बार ग्राम पंचायत प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी कोई भी अपना ध्यान देना मुनासिब नहीं समझ रहें हैं। जिससे समस्याओं में दिनों-दिन इजाफा हो रहा है।

# आर.ए.एस. बधाल ने ग्रामीणों की सेवा का संकल्प लिया

■ **देहाती मरीजों की जयपुर में इलाज के दौरान करेंगे सहायता**

**फुलेरा**, (निसं)। कस्बे के निकट स्थित बधाल गांव के निवासी आरएएस भागचन्द बधाल राजस्थान प्रशासनिक सेवा में प्रभावशाली पदों पर कार्यरत है।

जो वर्तमान में सचिवालय में बीमा विभाग में सचिव के पद पर है। बधाल ने राज्य की सेवा करते हुए अब आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के बीमार लोगों की सेवा करने का लक्ष्य लिया है। इसके तहत जयपुर में अपना एक एनजीओ स्थापित कर एनजीओ की ओर से राजस्थान के सबसे बड़े अस्पताल एसएमएस जयपुर में एक कर्मचारी नियुक्त कर ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले मरीजों को चिकित्सक एवं जांच सैंपल लेने तथा उपचार दिलवाने की समुचित व्यवस्था करने का जिम्मेदारी सौंपी गई है।

वहीं आगे बताया कि अस्पताल में सम्पूर्ण सहयोग करने के लिए एक सहायक रवि वर्मा को नियुक्त किया गया है। जो ग्रामीण क्षेत्रों के एसएमएस अस्पताल में आने वाले रोगियों को आवश्यकता अनुसार निशुल्क सहायता करेगा। जिसके अंतर्गत डॉक्टर को दिखाने, जांच के सैंपल दिलाने, जांच रिपोर्ट लेने इत्यादि कार्य में सहयोग करेगा। उपरोक्त सहायता लेने हेतु मोबाइल नंबर 8696722222, 9509732909 पर संपर्क कर सकता है।

वहीं भागचन्द बधाल ने बताया कि भविष्य में भी ग्रामीण क्षेत्र के बीमार व्यक्तियों को एस एम एस अस्पताल लाने व ले जाने की सुविधा हेतु एक वाहन(एम्बुलेंस) उपलब्ध करवाने के लिए भी रक्षक समिति विचार कर रही है। जिसका खासकर जरूरतमंद एव पिछड़े तबके के देहाती रोगियों को इसका लाभ मिल सकेगा। वाहन सुविधा शीघ्र ही शुरू की जाएगी।



आर.ए.एस. भागचन्द बधाल

# अतिक्रमण से रास्ते में कीचड़ भरा, राहगीर परेशान

**निवाई**, (निसं)। ग्राम पंचायत रजवास के वार्ड नंबर 2 में स्थित गुर्जरों के मोहल्ले से गोदाम व देवकरण धाबाई के मकान की ओर को जाने वाले आम रास्ते में दोनों तरफ अवैध अतिक्रमण होने से पानी की निकासी नहीं हो रही है। पानी की निकासी नहीं होने से रास्ते में कीचड भरा हुआ है।

ग्रामीणों व स्कूली बच्चों को रास्ते में फैले हुए कीचड में आना-जाना पड रहा है। कई बार तो बच्चें कीचड में फिसलकर गिर जाते है जिससे उन्हें स्कूल जाने की बजाए वापस घर लौटना पडता है।

ग्रामीणों ने तहसीलदार प्रांजल कंवर को अवगत करवाकर आम रास्ते पर हो रहे अतिक्रमण को हटवाने की मांग की हैं जिससे पानी की निकासी हो सके और ग्रामीणों, विद्यार्थियों व आमजन को राहत मिल सके।



गांव रजवास के आम रास्ते में कीचड़।

## बैंक ने स्थापना दिवस मनाया

**श्रीमाधोपुर**। बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा श्रीमाधोपुर द्वारा 115 वां स्थापना दिवस हांसपुर के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में ड्रेस वितरण कर मनाया। वरिष्ठ शाखा प्रबंधक रामकरण मीणा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी क्षेत्र की राजकीय विद्यालय में ड्रेस वितरण कार्यक्रम रखा गया है।प्रधानाचार्य रामजीलाला शर्मा ने बताया कि बैंक द्वारा सामाजिक सरोकार के तहत विद्यालय के 51 गरीब विद्यार्थियों को बैंक की तरफ से ड्रेस वितरण की गई है। इस मौके पर पूर्व वरिष्ठ शाखा प्रबंधक रेंवत सिंह हांसपुर ने विद्यालय को आठ पंखे भेंट किए। कार्यक्रम में बैंक के व्यवसाय प्रतिनिधि अमर चंद शर्मा कंचनपुर ने बैंक की विभिन्न योजनाओं अटल पेंशन योजना,बीमा योजना,मुद्रा ई लोन,किसान कार्ड आदि की जानकारी दी।इस मौके पर शाखा प्रबंधक रामकरण मीणा, पूर्व शाखा प्रबंधक रेंवत सिंह, दुष्यंत सैनी, अनिल घीया, रमण लांबा सहित बैंकिग स्टाफ उपस्थित था।

# करेडा बुजुर्ग व सिरस स्कूल में पौधे लगाये

**निवाई**, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करेडा में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर प्रधानाचार्य भवानीशंकर दरोगा, सरपंच बीना देवी चौधरी एवं दतवास थानाधिकारी शिवजीलाल गुर्जर ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य भवानी शंकर ने कहा कि वृक्ष जीवन का आधार हैं। वृक्षों से हमें प्राण वायु मिलती है।

इस अवसर पर सरपंच बीना देवी चौधरी ने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए वृक्षारोपण किया जाना चाहिए। थानाधिकारी गुर्जर ने वृक्षों का महत्त्व समझाते हुए विद्यार्थियों को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से अपने जन्मदिन पर एक पौधा अवश्य लगाने के लिए कहा। इस अवसर पर उप सरपंच हरिशंकर वर्मा,जीएसएस अध्यक्ष हनुमान चौधरी, एसडीएमसी सदस्य हजारीलाल बैरवा, लेखराज, हनुमानप्रसाद कोठयारी, व्याख्याता हेमराज बैरवा, लक्ष्मीनारायण रैगर, निर्मला मीणा, ओमप्रकाश खटीक, राजेन्द्रप्रसाद पारीक सहित छात्र-छात्राएं मौजूद थी।

इसी प्रकार पुलिस विभाग की ओर से सिरस में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। चौकी ईंचार्ज कुलदीपसिंह ने बताया कि विभाग की ओर से राजकीय पुलिस चौकी कार्यालय,राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण, राजीव गांधी सेवा केन्द्र, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मण्डालिया प्रांगण में 150 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर सरपंच शिवजीराम जाट ने सभी से पौधारोपण करने व उनकी सार-संभाल का संकल्प दिलवाया। इस मौके पर हैड.कानि. हनुमानप्रसाद मीणा, हरिराम वर्मा, रमेश जाट सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## प्रागपुरा अस्पताल को डॉक्टर मिला

**पावटा**, (निसं)। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल के नेतृत्व में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया था। जिसके तहत जयपुर प्रथम सीएमएचओ नरोत्तम शर्मा के आदेश के अनुसार विराटनगर ब्लॉक के सीएमएचओ मीणा ने आदेश कर डॉ. रवि बंसल को प्रागपुरा लगा दिया है। गोयल ने बताया कि पिछले 20 दिनों से प्रागपुरा में डॉक्टर का पद रिक्त चल रहा था। गांव में मौसमी बीमारियां और डेंगू फैला हुआ है। डॉ रवि बंसल को प्रागपुरा लगाने पर ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए मिठाई बांटी। इस अवसर पर अंजनी कुमार शर्मा, शंकर पारीक, शंकर पंडित, युवा नेता शक्ति सिंह शेखावत, इमरान खान, हरीश स्वामी, मनोज दवाई वाला, मोती स्वामी, प्रमोद शर्मा, निखिल शर्मा, मुकेश सैनी, मातादीन, बिल्लू पारीक, कमलेश सेन, प्रकाश यादव, रामवतार चोरिया, दिनेश यादव सहित आदि ग्रामीणों ने पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल और सरकारी अधिकारियों का आभार जताया है तथा डॉ रवि बंसल को शुभकामनाएं दी।

# कृषक उपहार योजना के जारी ई-कूपनों की लॉटरी निकाली

**लालसोट**, (निसं)। कृषि उपज मंडी समिति कार्यालय परिसर में कृषक उपहार योजना के तहत जारी ई-उपहार कूपनों की लॉटरी बुधवार को दोपहर 2 बजे मंडी समिति कार्यालय के सभाकक्ष में मंडी समिति के प्रशासक एसडीएम मोहर सिंह मीणा एवं मंडी समिति सचिव ममता गुप्ता की मौजूदगी में निकाली गई।

विभिन्न श्रेणियों में ई-कूपनों पर निकाली गई लॉटरी के लाभार्थियों को इनाम की राशि ऑनलाइन संबंधित लाभार्थी के खाते में हस्तांतरित की जाएगी। इसके लिए संबंधित विजेता कृषक मंडी समिति कार्यालय में खुद के पहचान के दस्तावेज भी जमा कराने होंगे। कृषक उपहार योजना के तहत जारी ई कूपनों की लॉटरी बालों को बुलाकर हाथों से निकलवाई गई। कृषि उपज मंडी समिति की सचिव ममता गुप्ता ने बताया कि 1 जनवरी 2022 से 30 जून 2022 तक किसानों द्वारा विक्रय की गई कृषि जिंसों पर जारी उपहार दुकानों की लाटरी मंडी परिसर स्थित सभागार में निकाली गई।

मंडी सचिव गुप्ता ने बताया कि कृषक उपहार योजना के तहत जारी इ उपहार कुपनों की लॉटरी में प्रथम पुरस्कार राशि 25 हजार रुपए महिला कृषक रुकमणी देवी निवासी करेल एवं द्वितीय पुरस्कार खिरनी निवासी महिला कृषक प्रेम देवी गुर्जर को राशि 15 हजार रुपए दिए गए। वहीं तीसरा पुरस्कार कृषक रामकेश मीणा निवासी हिंदूपुरा को तृतीय पुरस्कार के रुप में 10 हजार रुपये की राशि दी गई। इसी तरह गेट पास की विक्रय पर्ची पर जारी कूपनों पर प्रथम पुरस्कार पप्पू लाल प्रजापत निवासी रामपुरा एवं द्वितीय पुरस्कार घनश्याम मीणा निवासी चंदलाई एवं तृतीय पुरस्कार शेर सिंह मीणा निवासी चंदलाई को दिया गया। लॉटरी में कृषकों को इनाम मिलने के बाद कृषक खुश एवं उत्साहित नजर आए।




कृषि उपज मंडी समिति कार्यालय परिसर में कृषक उपहार योजना के तहत जारी ई-उपहार कूपनों की लॉटरी मंडी समिति के प्रशासक एसडीएम मोहर सिंह मीणा ( बीच में ) की मौजूदगी में निकाली गई।

## वैक्सिनेशन शिविर शुरू

**खैरथल**, (निसं)। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर निशुल्क वैक्सिनेशन अभियान के प्रति लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। एसडीएम गंगा शरण मीना के निर्देशन में खैरथल में 18 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों के लिए 75 दिवसीय निशुल्क वैक्सीनेशन कार्यक्रम के शुभारंभ दिवस पर बुधवार को विभिन्न वार्डों में लगे शिविरों में लाइन में खड़े होकर प्रिकाशन डोज लगवाई। राजकीय सैटेलाइट अस्पताल खैरथल के पीएमओ डॉ राजेश लालवानी ने बताया कि कोविड वैक्सिनेशन अमृत महोत्सव के अन्तर्गत आज नि:शुल्क प्रिकॉशन डोज हेतु अभियान का शुभारंभ करते हुए नागरिकों को सभी सात केन्द्रों पर मुफ्त प्रिकॉशन डोज लगायी गईं। पूर्व पीएमओ डॉ. नितिन शर्मा ने बताया कि खैरथल नगरपालिका क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर टीकाकरण हेतु झुलेलाल मन्दिर, लक्ष्मीनारायण मन्दिर, अर्जुन हॉस्पिटल, इन्द्रा हैप्पी स्कूल, आंगनबाडी, गीता कॉलोनी,अम्बेडकर भवन, कुठली मोहल्ला, और राजकीय सेटेलाइट हॉस्पिटल खैरथल में शिविर लगा कर नागरिकों को मुफ्त प्रिकॉशन डोज लगायी गई हैं।